दिनांकः 10.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य बजट 2026–2027 कल–उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी विधानसभा में बजट पेश करेंगीं
- राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए आईआईटी, जोधपुर और एमएनआईटी, जयपुर के साथ एमओयू कियां
- सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दियें
- प्रदेश में पारे में आए उछाल से कई स्थानों पर हल्की गर्मी का अहसास–7 ज़िलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पारं

000

राज्य बजट 2026–2027 कल पेश किया जाएगां उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी विधानसभा में बजट प्रस्तुत करेंगीं इसमें राज्य सरकार अपने खर्च का लेखा–जोखा भी देगीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली मौजूदा राज्य सरकार का ये तीसरा बजट हैं इसके लिए वित्त विभाग ने विभिन्न वर्गों तक 10 जनवरी तक सुझाव लिये थें ऐसा माना जा रहा है कि इस वर्ष बजट आकार में बढ़ोतरी होगीं इन्फ्रास्ट्रक्चर और पूंजीगत व्यय पर प्राथमिकता से घोषणाएं की जा सकती हैं वहीं निवेश, रोजगार सृजन और स्टार्टअप को बढ़ावा देने तथा पर्यटन विकास से जुड़ी योजनाओं पर भी बजट में खास ऐलान किया जा सकता हैं किसानों और कृषि कार्यों के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किये जा सकते हैं सरकार की ओर से बताया गया है कि पिछले बजट की 75 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं को धरातल पर उतारा गया हैं

प्रदेश के इस बजट से विभिन्न वर्गों को कई उम्मीदें हैं करौली के हिंडौन निवासी सुशील कुमार ने कहा कि सरकार को बजट में कुछ ऐसी घोषणाएं करनी चाहिए, जिससे आम आदमी को मंहगाई से राहत मिलें

..............

बालोतरा से रूपचंद सालेचा ने वस्त्र इकाईयों से होने वाले जल प्रदूषण पर चिंता जताते हुए कहा कि उन्हें सरकार से इस संबंध में ठोस प्रावधान किये जाने की आशा हैं

...............

000

सहकार से समृद्धि की पहलों को क्रियान्वित करने में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हैं वृहद् अन्न भंडारण योजना के तहत अब तक पांच सौ मीट्रिक क्षमता के 190 गोदाम स्वीकृत किये जा चुके हैं

वहीं 95 गोदामों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका हैं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कल जयपुर में राज्य सहकारी विकास समिति की बैठक में सहकारिता के क्षेत्र को और मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को फील्ड विजिट करने और किसानों से संवाद करने के निर्देश दियें बैठक में सहकारिता विभाग की शासन सचिव श्रीमती आनंदी ने बताया कि राज्य में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन का काम तेजी से किया जा रहा हैं अब तक 5 हजार 952 पैक्स को लाइव किया जा चुका हैं वहीं 61 पैक्स एफपीओ के रूप में काम कर रही हैं

000

राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने और सतत विकास की दिशा में आईआईटी, जोधपुर और एमएनआईटी, जयपुर के साथ एमओयू किया हैं इन समझौतों के तहत मंडल आईआईटी जोधपुर के साथ 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर क्लाइमेट चेंज' की स्थापना करेगां वहीं एमएनआईटी, जयपुर के साथ मिलकर 'क्लीन एंड ग्रीन टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर' बनाया जाएगां मंडल के सदस्य सचिव कपिल चंद्रवाल ने बताया कि इन केन्द्रों पर 400 करोड़ रुपये की लागत आएगीं इनके माध्यम से हरित कौशल विकास को प्राथमिकता मिलेगी और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जाएगां जयपुर के जगतपुरा में बनने वाले इन केन्द्रों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए रिसर्च सेंटर और डेटा तथा नॉलेज हब भी विकसित किये जाएंगें

000

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी तैयार करने के निर्देश दिये हैं शीर्ष अदालत ने कहा कि ये एसओपी रिजर्व बैंक, बैंकों और दूरसंचार विभाग के परामर्श से तैयार की जाएं

सर्वोच्च न्यायालय ने साइबर धोखाधड़ी के माध्यम से 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी को डिजिटल डकैती बतायां इसके साथ ही डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों के बढ़ते खतरे पर भी चिंता व्यक्त कीं अदालत ने कहा कि बैंकों को साइबर धोखाधड़ी को रोकने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिएं मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजारी की पीठ ने कहा कि बैंकों का यह नैतिक दायित्व है कि वे ग्राहकों को सतर्क करें न्यायालय ने आरबीआई, दूरसंचार विभाग तथा अन्य विभागों को डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों में मुआवज़ा देने के लिए रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया हैं

000

साइबर धोखाधड़ी से निपटने और इसके ईको सिस्टम को ध्वस्त करने के लिए आज से नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा हैं भारत मंडपम में होने वाले इस दो दिन के सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह संबोधित करेंगें सम्मेलन का उद्देश्य देश में साइबर धोखाधड़ी की व्यापकता, रुझान और बदलते स्वरूप को पहचानना तथा वित्तीय अपराधों में इस्तेमाल होने वाले बैंक खातों तथा अन्य डिजिटल ढांचे के दुरुपयोग पर रोक लगाना और सुरक्षा तंत्र में सुधार करना शामिल हैं

श्री शाह भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र **आई फॉर सी** के राज्य अपराध समन्वय केन्द्र **एस फॉर सी** का भी शुभारंभ करेंगें गृहमंत्री इस अवसर पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई अधिकारियों को अलंकृत भी करेंगें

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत–अमरीका व्यापार समझौता देशहित में हैं इसमें किसान कल्याण को सुरक्षित रखा गया हैं मथुरा में मीडिया से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा यह ट्रेड डील देश के किसानों, महिलाओं और युवाओं को नई उड़ान देगीं उन्होंने कहा कि गेहूं और धान सहित प्रमुख अनाजों को इस समझौते में पूरी तरह संरक्षित किया गया हैं

..............

000

प्रदेश में पारे में आए उछाल से कई स्थानों पर हल्की गर्मी का अहसास शुरू हो गया हैं कल बाड़मेर, चित्तौडगढ, जैसलमेर, जोधपुर सहित सात जिलों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआं बाड़मेर में सबसे ज्यादा 31 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआं हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि जिले में सर्दी के तेवर नर्म पड़ गये हैं और तापमान में बढोतरी से गर्मी की दस्तक शुरू हो गई हैं

...............

मौसम विभाग ने तापमान में मामूली बढोतरी के आसार जताये हैं इसके साथ ही एक सप्ताह तक मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना हैं रात के तापमान की बात करें तो 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआं 5 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ पाली सबसे सर्द रहां

000